**Nai Dunia, 22nd August 2021, Page-16 (Front Page-4)**

# आइआइटी इंदौर में एनएसजी के कमांडो ने किया अभ्यास

**इंदौर।** राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) के 26 कमांडो ने शनिवार को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) इंदौर में अभ्यास किया। एनएसजी के साथ स्थानीय प्रशासन, स्थानीय पुलिस, एटीएस, आइबी, राज्य आपातकालीन सेवा, राज्य आपदा प्रबंधन बल, फायर और चिकित्सा सेवा के साथ कुल 170 सदस्यों ने अभ्यास में भाग लिया। सुबह 9.30 बजे इसकी शुरुआत हुई और पांच घंटे लगातार अभ्यास जारी रहा। विभिन्न एजेंसियों के साथ समन्वय पहलुओं को सुदृढ़ करने के लिए भी अभ्यास किया गया। इसका उद्देश्य काउंटर टेररिस्ट ड्रिल का पूर्वाभ्यास करना था। -नप्र